आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 163 | उज्जैन, मंगलवार 06 मई 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# टेक्सटाइल सेक्टर को नई उड़ान देने विकसित हो रहा रेडीमेड गारमेंट्स होजियरी पार्क

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा निवेश और उद्योग अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए किए जा रहे ठोस प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का प्रतिफल है कि राजधानी भोपाल में रेडीमेड गारमेंट्स होजियरी पार्क की स्थापना का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह पार्क न केवल राज्य के टेक्सटाइल सेक्टर को नई गति देगा, बल्कि मध्यप्रदेश को एक उभरते हुए औद्योगिक हब के रूप में स्थापित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में जो उद्योग अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है, उससे निवेशकों का



भरोसा लगातार बढ़ रहा है। रेडीमेड गारमेंट्स होजियरी पार्क इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो मध्यप्रदेश को टेक्सटाइल और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करेगा।

सतगढ़ी गांव, तहसील कोलार, भोपाल में यह औद्योगिक पार्क मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल की देखरेख में विकसित किया जा रहा है। कुल 69.60 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैले इस पार्क को मल्टी प्रोडक्ट पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें टेक्सटाइल, रेडीमेड गारमेंट्स और फूड प्रोसेसिंग जैसे विविध औद्योगिक क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी की दृष्टि से यह पार्क बेहतर स्थान पर बन रहा है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-46 से 12 किलोमीटर, राजा भोज एयरपोर्ट से 25 किलोमीटर तथा रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से मात्र 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। भोपाल शहर से मात्र 13 किलोमीटर की दूरी होने के कारण श्रमिकों, उद्यमियों और औद्योगिक गतिविधियों के लिए आवागमन की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो जाती है।

पार्क में आधारभूत संरचना का विकास भी सुनियोजित ढंग से किया गया है। जल आपूर्ति की व्यवस्था केरवा डैम से की गई है। बिजली आपूर्ति के लिए निकटस्थ 33 केवी/11 केवी सब-स्टेशन की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। कोलार रोड से पार्क को जोड़ने के लिए 2.2 किलोमीटर लंबी सीसी रोड का निर्माण भी पूर्ण किया जा चुका है, जिससे परिवहन व्यवस्था और सुदृढ़ हो गई है। इस औद्योगिक परियोजना पर कुल 1997.97 लाख रुपये की लागत संभावित है।

## हमारे कंधे काफी चौड़े हैं, निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका पर SC की टिप्पणी



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट पर विवादित टिप्पणी करने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त टिप्पणी की है। एक वकील द्वारा कोर्ट की गरिमा की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर देने पर सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा, हमारे कंधे काफी चौड़े हैं।

संक्षिप्त आदेश पारित होगा- अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस खन्ना ने कहा कि हम आपकी याचिका पर आगे सुनवाई नहीं करेंगे, लेकिन एक संक्षिप्त आदेश जरूर पारित करेंगे।

अवमानना का केस चलाने की मांग- बता दें कि राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिल पास करने के लिए समय सीमा तय करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले की दुबे ने आलोचना की थी। याचिकाकर्ता ने दुबे के बयान को न्यायपालिका के लिए अपमानजनक और निंदनीय÷ बताया था और उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने की मांग की थी।

अवमानना याचिका पर सुनवाई नहीं करेगा कोर्ट - सुनवाई के दौरान वकील विशाल तिवारी ने शीर्ष अदालत से आग्रह किया कि कोर्ट की गरिमा की रक्षा की जानी चाहिए। यह ऐसे नहीं चल सकता।

## आपका असली मकसद क्या है?, पर्यटकों की सुरक्षा के लिए दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार



नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 पर्यटकों की जान ले ली। ऐसे में एक शख्स ने पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, जिसपर सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को कड़ी फटकार लगा दी।

सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका- सुप्रीम कोर्ट में 2 जजों की बेंच जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह ने याचिका पर सुनावई की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इसे पब्लिसिटी स्टंट बताते हुए याचिका खारिज कर दी है।

याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट में सफाई देते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर में पहली बार पर्यटकों को निशाना बनाया गया है। इसलिए पर्यटकों की सुरक्षा पर दिशानिर्देश जारी करने के लिए यह याचिका दायर की गई है।

कोर्ट ने लगाई फटकार - सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, याचिकाकर्ता एक के बाद एक कई याचिकाएं दायर करते जा रहे हैं। इससे पता चलता है कि उनका प्राथमिक लक्ष्य किसी सार्वजनिक मामले को उठाना नहीं बल्कि पब्लिसिटी हासिल करना है।

## एयर चीफ मार्शल के बाद अब रक्षा सचिव से मिले पीएम मोदी, पाकिस्तान से तनाव के बीच हुई बड़ी बैठक

नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच के रिश्तों में तनाव है। इस आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़ी कार्रवाई की गई। भारत के एक्शन के बाद से पाकिस्तान को युद्ध का डर सता रहा है।



इस बीच भारत में बैठक पर बैठकें हो रही हैं। इस कड़ी में आज पीएम मोदी ने आज रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी और रक्षा सचिव के बीच ये बैठक करीब आधे घंटे तक चली। यह मुलाकात प्रधानमंत्री द्वारा एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह से मुलाकात के एक दिन बाद हुई है।

इन अधिकारियों से अब तक मिल चुके हैं पीएम मोदी- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चेतावनी दी है कि आंतकियों को करारा जवाब मिलेगा। पीएम ने कहा था कि आतंकियों के आकाओं को उनकी कल्पना से परे सजा मिलेगी। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब तक सेना, नौसेना और वायुसेना के प्रमुखों से मुलाकात की है। इन अधिकरियों के साथ पीएम मोदी की बैठकें हुईं।

आंतक पर प्रहार की तैयारी - लगातार अधिकारियों के साथ बैठक के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि भारत आतंकियों और उनके पनाहगारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बैसरन घाटी में हथियारबंद आतंकियों ने 26 पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया था। इस हमले की क्रूरता ने पूरे देश में आक्रोश पैदा कर दिया है।

## पाक के उड़ेंगे होश; पहले सिंधु समझौते पर लगा झटका और अब हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स पर काम शुरू



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौता रद कर दिया। वहीं, अब भारत अपनी पनबिजली परियोजनाओं को मजबूत करने की तैयारी कर रहा है। रॉटर्स की रिपोर्ट के अनुसार भारत ने जम्मू कश्मीर में आधी दर्जन से ज्यादा परियोजनाएं चल रही हैं और कई जलाशयों की क्षमता बढ़ाने के लिए रेत निकालने का काम भी शुरू हो गया है।

पाकिस्तान को लगा था झटका- सिंधु नदी समेत 6 नदियों के पानी को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में एक संधि हुई थी, जिसे हम सिंधु जल समझौते के नाम से जानते हैं। इस संधि के तहत सिंधु, चिनाब और झेलम का 80 प्रतिशत पानी पाकिस्तान को देना था। हालांकि पहलगाम हमले के बाद भारत ने यह संधि रद कर दी। साथ ही बीते दिन चिनाब नदी पर बना बगलिहार बांध भी बंद कर दिया गया था। साथ ही सलाल बांध का पानी भी रोक दिया गया है।

बगलिहार बांध का पानी रोकने के बाद पाकिस्तान बुरी तरह से तिलमिलाया हुआ है। पाकिस्तान ने दो टूक शब्दों में भारत को गीदड़ भभकी दी है कि नदी का पानी रोकने या इसका रुख मोड़ना युद्ध की चुनौती माना जाएगा।

रायटर ने सूत्रों के हवाले से बताया कि जलाशयों में जमा रेत निकाली जा रही है। भारतीय सरकारी कंपनी NHPC ने गुरुवार से ही यह काम शुरू कर दिया है, जिससे जलाशयों में ज्यादा से ज्यादा पानी रोका जा सके।

## भारत ने दुश्मन के गले में लंबी रस्सी डाल दी..., अफगानिस्तान के पूर्व उपराष्ट्रपति का पाक पर निशाना




नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्ते लगातार बिगड़ रहे हैं। भारत की सख्ती से पाकिस्तान बुरी तरह डरा हुआ है। सरहद पार मौजूद पाकिस्तानी नेता मुल्क पर युद्ध के बादल मंडराने का दावा कर रहे हैं। इसी बीच अफगानिस्तान के पूर्व उपराष्ट्रपति अमरुल्लाह सालेह ने भी भारत की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया दी है।

अमरुल्लाह सालेह ने भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा हालातों पर टिप्पणी की है। अब उनका बयान तेजी से वायरल हो रहा है।

# पहलगाम के गुनहगारों को बख्शा न जाए, पुतिन ने पीएम मोदी से की फोन पर बात; कहा- हम भारत के साथ

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पीएम मोदी से फोन पर बात की है। बातचीत में उन्होंने पहलगाम में हुए हमले की निंदा की। भारत के विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसको लेकर एक्स पर पोस्ट किया है।



राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया और भारत के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही।

रणधीर जायसवाल ने आगे कहा, पुतिन ने इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति पुतिन को विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुभकामनाएं दीं और उन्हें इस साल के अंत में भारत में आयोजित होने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया।

विदेश मंत्री ने भी की थी अपील- इससे पहले रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भी रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर चिंता जताई थी। विदेश मंत्री ने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की थी।

भारत और पाकिस्तान में तनाव- 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। इस हमले में जान गंवाने वालों में ज्यादातर पर्यटक थे। यह हमला 2019 के पुलवामा हमले के बाद सबसे बड़ा आतंकी हमला माना जा रहा है। इस हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ बताया जा रहा है।

भारत ने इस हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कदम उठाए हैं। इनमें सबसे अहम समझौता सिंधु जल समझौते पर रोक लगाना भी शामिल है।

# टोरंटो में निकाली गई एंटी-हिंदू परेड, 8 लाख लोगों को भारत वापस भेजने की मांग




नई दिल्ली (एजेंसी)। कनाडा के टोरंटो में हिंदुओं के विरोध में फिर से प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। टोरंटो के माल्टन गुरुद्वारा में हिंदू विरोधी परेड निकाली गई और हिंदुओं को निर्वासित करने का एलान किया गया है। कनाडाई पत्रकार डेनियल बोर्डमैन ने टोरंटो के माल्टन गुरुद्वारे में चल रही हिंदू विरोधी परेड का एक वीडियो शेयर किया। और पूछा कि क्या कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी खालिस्तानियों से निपटने में पूर्व कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो से अलग होंगे।

हमारी सड़कों पर उत्पात मचा रहे जिहादियों ने सामाजिक ताने-बाने को काफी नुकसान पहुंचाया है और वे किसी भी यहूदी को धमका रहे हैं। लेकिन खालिस्तानी समाज के लिए सबसे घृणित विदेशी वित्तपोषित खतरे के रूप में उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। क्या कनाडा के पीएम मार्क कार्नी जस्टिन ट्रूडो से अलग होंगे?

800,000 हिंदुओं को भारत भेजने की मांग की- बोर्डमैन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर शॉन बिंदा नामक एक यूजर द्वारा साझा की गई पोस्ट के जवाब में यह बयान दिया। पोस्ट में, बिंदा ने उल्लेख किया कि माल्टन गुरुद्वारे में खालिस्तानी समूह ने 8 लाख हिंदुओं को भारत वापस भेजने की मांग की और इसे खालिस्तानी आतंकवादी समूह की ओर से हिंदू विरोधी घृणा करार दिया।टोरंटो में हिंदू विरोधी परेड कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी द्वारा राष्ट्रीय चुनावों में जीत हासिल करने के कुछ ही दिनों बाद हुई है। कार्नी द्वारा संसद को भंग करने और नए जनादेश की मांग करने के बाद यह संघीय चुनाव निर्धारित समय से पहले घोषित किया गया था।

लक्ष्मी नारायण मंदिर में तीसरी बार तोड़फोड़- अप्रैल की शुरुआत में, डैनियल बोर्डमैन ने आरोप लगाया कि ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में लक्ष्मी नारायण मंदिर में तीसरी बार तोड़फोड़ की गई। उन्होंने कहा कि इमारत की दीवारों को खालिस्तान समर्थक भित्तिचित्रों से विकृत किया गया था, जिसके बाद एक सुरक्षा कैमरा चोरी हो गया था। साइट का दौरा करने वाले बोर्डमैन ने बताया था कि उन्होंने क्या देखा और इस स्थिति से निपटने के तरीके पर चिंता व्यक्त की। अभी भी टूटे हुए हैं शीशे - डैनियल बोर्डमैन ने इस घटना को लेकर आगे कहा था, जब मैं वहां पहुंचा तो मैंने देखा कि तोड़फोड़ को पहले ही ढक दिया गया था, अभी भी कुछ टूटे हुए शीशे थे... सुबह के समय वीडियो बनाए गए थे जिसमें कहा गया था कि इसके पीछे खालिस्तान का हाथ है। आपने बहुत सारे खालिस्तानी चित्र देखे... मैंने कुछ भक्तों और प्रबंधन से बात की। मुझे समझ में नहीं आया कि उन्होंने पुलिस के आने से पहले भित्तिचित्रों को हटाने का फैसला क्यों किया।

# हॉलीवुड मर रहा है, अमेरिका से बाहर बनने वाली फिल्मों पर ट्रंप ने लगाया 100% टैरिफ

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर निर्मित फिल्मों पर 100त्न टैरिफ लगाने का एलान किया है। ट्रम्प ने संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर निर्मित फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाने का एलान किया है।



ट्रंप का कहना है कि अमेरिकी फिल्म इंडस्ट्री या हॉलीवुड उन प्रोत्साहनों के कारण बहुत तेजी से खत्म हो रहा है, जो अन्य देश अमेरिकी फिल्म निर्माताओं को लुभाने के लिए दे रहे हैं। इसके मद्देनजर ये फैसला लिया जा रहा है।

यह अन्य देशों की तरफ से किया गया एक ठोस प्रयास है और इसलिए यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। हॉलीवुड और अमेरिका के कई अन्य क्षेत्र तबाह हो रहे हैं। यह बाकी सब चीजों के अलावा संदेश और प्रचार भी है। ट्रम्प ने कहा कि वह संबंधित अमेरिकी फिल्म इंडस्ट्री को अधिकृत कर रहे हैं।

फिल्म प्रोडक्शन में 40 फीसदी गिरावट - ट्रंप ने आगे कहा, हम चाहते हैं कि अमेरिका में फिर से फिल्में बनें! इसके बाद वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने भी इसको लेकर एक्स पर एक पोस्ट भी किया। उन्होंने पोस्ट में कहा, हम इस पर काम कर रहे हैं। न तो लुटनिक और न ही ट्रम्प ने इसके बारे में कोई ज्यादा डिटेल दी है। यह तुरंत स्पष्ट नहीं था कि यह कदम विदेशी या अमेरिकी उत्पादन कंपनियों को लक्षित करेगा, जो विदेशों में फिल्में बनाती हैं। बता दें कि लॉस एंजिल्स में फिल्म और टेलीविजन उत्पादन में पिछले दशक में लगभग 40% की गिरावट आई है।

ट्रंप ने समझाया नए टैरिफ का मतलब- बता दें ट्रंप ने घरेलू फिल्म प्रोडक्शन पर लौटने की जरूरत पर फोकस किया और कहा, हम चाहते हैं कि फिल्में फिर से अमेरिका में बनाई जाएं। नए टैरिफ का मकसद खेल के मैदान को लेवल में लाना और स्टूडियो को अमेरिकी धरती पर अपना ऑपरेशन जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## पहलगाम हमले पर पाक पीएम ने फिर अलापा झूठा राग, कहा- कोई संबंध नही



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम आतंकी घटना के बाद से भारतीय कार्रवाई को लेकर भयभीत पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम से टेलीफोन पर बातचीत की।

इस दौरान उन्होंने हमले में अपने देश के किसी भी संबंध से इन्कार किया। बातचीत के दौरान शरीफ ने 22 अप्रैल के आतंकी हमले के बाद से दक्षिण एशिया में व्याप्त तनाव पर पाकिस्तान की चिंताओं को साझा किया।

मलेशिया से मदद मांग रहा पाक

उन्होंने दुनिया को बरगलाने के लिए घटना के पीछे के तथ्यों का पता लगाने की बात कहते हुए अंतरराष्ट्रीय, पारदर्शी, विश्वसनीय और तटस्थ जांच के लिए पाकिस्तान की पेशकश दोहराई। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान इस जांच में मलेशिया की भागीदारी का स्वागत करेगा।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में तनाव आ गया है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। यह 2019 में पुलवामा हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला था।

## भारत आएंगे रूसी राष्ट्रपति पुतिन, कहा- बाहरी ताकतों का हमारे संबंधों पर नहीं होगा कोई असर



नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत आने का न्योता स्वीकार कर लिया है। क्रेमलिन की ओर से इस बात की पुष्टि की गई है। वहीं, आज राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम नरेंद्र मोदी से फोन पर बात भी की। रूसी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी के साथ पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर चर्चा की।

पुतिन ने स्वीकार किया भारत आने का न्योता- समाचार एजेंसी पीटीआई ने क्रेमलिन के हवाले से बताया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वार्षिक उच्च स्तरीय बैठक के लिए भारत आने के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा, भारतीय नेता ने रूसी राष्ट्रपति को वार्षिक द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने के लिए अपने निमंत्रण की पुष्टि की। निमंत्रण को कृतज्ञतापूर्वक स्वीकार किया गया।

बयान में बताया गया कि उन्होंने रूसी-भारतीय संबंधों की रणनीतिक प्रकृति पर जोर दिया और कहा कि ये संबंध बाहरी प्रभाव से प्रभावित नहीं हैं और सभी दिशाओं में गतिशील रूप से विकसित होते रहेंगे।

रूसी राष्ट्रपति ने की पीएम मोदी से बात - विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए बताया कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी से फोन पर बात की है।

## हूती मिसाइल अटैक ने भेद दिया इजरायल का डिफेंस सिस्टम, 25 मीटर गहरा गड्ढा बना; अब बदला लेंगे नेतन्याहू



नई दिल्ली (एजेंसी)। हूती विद्रोहियों की तरफ से दागी गई मिसाइल ने इजरायल का पूरा एयर डिफेंस सिस्टम ही भेद दिया। मिसाइल कथित तौर पर हवाई सुरक्षा की चार परतों को पार कर गई और बेन गुरियन हवाई अड्डे के टर्मिनल 3 से सिर्फ़ 75 मीटर की दूरी पर गिरी।

इस हमले में वहां 25 मीटर गहरा गड्ढा बन गया। इस पर हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने कहा कि इजरायल का मुख्य एयरपोर्ट अब हवाईयात्रा के लिए सुरक्षित नहीं है। इस बीच इजराइल हवाईअड्डा प्राधिकरण ने कहा कि हवाईअड्डे पर परिचालन शुरू कर दिया गया है।

संवेदनशील इलाके में गिरी मिसाइल

बता दें कि जिस हिस्से में मिसाइल गिरी, वह इजरायल के सबसे संदेवनशील क्षेत्रों में से एक है। हमले में करीब 8 लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है। इजरायल के पास हवाई हमलों का मुकाबला करने के लिए बेहद उन्नत तकनीक है। आयरन डोम के रूप में जाना जाने वाला यह सिस्टम मिसाइल लांचर से 4 किमी से 70 किमी की दूरी पर कम दूरी के रॉकेट, साथ ही गोले और मोर्टार को रोकने के लिए डिज़ाइन किया गया है। हालांकि रविवार को सिस्टम ने सही तरीके से काम नहीं किया।

इजरायल में बजता रहा सायरन- प्रोटोकॉल के अनुसार, इजरायल के कई इलाकों में सायरन बजाया गया। मिसाइल को रोकने के कई प्रयास किए गए। हमले के बाद कई लोगों ने स्मार्टफोन से फिल्माए गए वीडियो पोस्ट किए, जिनमें काले धुएं का गुबार साफ दिखाई दे रहा है।

इजरायली पुलिस कमांडर, यायर हेट्ज़्रोनी ने पत्रकारों को मिसाइल के प्रभाव से बना गड्ढा दिखाया। एयरपोर्ट अधिकारियों ने कहा कि मिसाइल टर्मिनल 3 पार्किंग स्थल के पास सड़क किनारे गिरी। हमले में कोई बड़ी क्षति नहीं हुई।

## भारत से तनाव के बीच अलग-थलग पड़ा पाकिस्तान, अब UN के सामने रोएगा दुखड़ा; बैठक बुलाने की कर दी अपील



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच पड़ोसी देश ने अब नवीनतम क्षेत्रीय घटनाक्रमों से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को अवगत कराने का फैसला किया है।विदेश मंत्री इशाक डार ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत असीम इफ्तिखार को सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया है।

पाकिस्तान विदेश मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी एक बयान में कहा गया कि पाकिस्तान, भारत की आक्रामक कार्रवाइयों, उकसावे और भड़काऊ बयानों के बारे में सुरक्षा परिषद को सूचित करेगा। साथ ही, सिंधु जल संधि को निलंबित करने के लिए भारत की अवैध कार्रवाइयों को विशेष रूप से उजागर करेगा।

पाकिस्तान में बयान में क्या कहा- बयान में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान यह स्पष्ट करेगा कि नई दिल्ली की कार्रवाइयां किस तरह से क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरे में डाल रही हैं। यह महत्वपूर्ण कूटनीतिक कदम अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने सटीक तथ्य पेश करने के पाकिस्तान के प्रयासों का हिस्सा है।

वर्तमान में पाकिस्तान सुरक्षा परिषद का एक अस्थायी सदस्य है। पिछले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तानी दूत ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की थी और उन्हें क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी थी।

## क्या परमाणु हमला करेगा रूस? यूक्रेन जंग जीतने को लेकर पुतिन ने बताई रणनीति, उत्तराधिकारी को लेकर कही ये बात



नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस यूक्रेन युद्ध को तार्किक निष्कर्ष तक ले जाने में सक्षम है। रूस यूक्रेन में अपने लक्ष्य हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आवश्यकता नहीं पड़ी है, उम्मीद है कि भविष्य में भी इसकी जरूरत नहीं पड़ेगी।

रूस के सर्वोच्च नेता के रूप में पुतिन के 25 साल के कार्यकाल के बारे में सरकारी टेलीविजन पर रविवार को प्रसारित फिल्म रूस, क्रेमलिन, पुतिन, 25 वर्ष में जब पुतिन से पत्रकार ने यूक्रेन युद्ध से परमाणु हमले के खतरे के बारे में पूछा था तो उन्होंने कहा, वे हमें भड़काना चाहते थे ताकि हम गलतियां करें। उम्मीद है कि उसकी जरूरत नहीं पड़ेगी।

गौरतलब है कि पुतिन ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर सैन्य कार्रवाई का आदेश दिया था जिससे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप में सबसे बड़ा जमीनी संघर्ष शुरू हो गया। इस युद्ध में लाखों सैनिक मारे गए हैं।

अपने उत्तराधिकारी को लेकर सोचते रहते हैं पुतिन - पुतिन से जब पूछा गया कि क्या रूस के सर्वोच्च नेता के रूप में वह उत्तराधिकार के बारे में सोचते हैं, तो उन्होंने कहा, मैं हमेशा इसके बारे में सोचता हूं। आखिरकार चुनाव रूसी जनता को करना है। मुझे लगता है कि एक व्यक्ति या बल्कि कई लोग होने चाहिए ताकि लोगों के पास विकल्प हो।

हालांकि पुतिन का कोई स्पष्ट उत्तराधिकारी नहीं है, लेकिन रूसी संविधान के अनुसार, यदि राष्ट्रपति अपने कर्तव्यों को पूरा करने में असमर्थ हो, तो प्रधानमंत्री - वर्तमान में मिखाइल मिशुस्टिन - राष्ट्रपति पद की शक्तियां ग्रहण कर लेंगे।

# अब पाकिस्तान पर आर्थिक प्रहार की तैयारी! ADB अध्यक्ष से मिलीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण




नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े एक्शन लिए हैं। भारत के एक्शन के बाद से पाकिस्तान बिलबिला रहा है। भारत पाकिस्तान के खिलाफ हर मोर्चे पर प्रहार कर रहा है।

इस कड़ी में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को एशियन डेवेलपमेंट बैंक के अध्यक्ष मासाको कांडा से मुलाकात की।

बताया जा रहा है कि इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान को मिलने वाली आर्थिक मदद को बंद करने की भी मांग की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मासातो कांडा के अलावा इटली के वित्त मंत्री जियानकार्लो डियोर्जेट्टी से भी मुलाकात की और अपनी मांगो को दोहराया।

वित्त मंत्रालय ने शेयर किया पोस्ट - बता दें कि सोमवार को वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया और लिखा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज इटली के मिलान में 58वीं एडीबी वार्षिक बैठक के दौरान एशियाई विकास बैंक के अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की।

इस पोस्ट में आगे लिखा गया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने दोहराया कि भारत निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाली आर्थिक वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करता है और दिवाला और दिवालियापन संहिता (आईबीसी), कॉर्पोरेट कर दर में कमी और जीएसटी कार्यान्वयन, उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई), राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी), गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान और स्टार्टअप इंडिया जैसी साहसिक पहलों के माध्यम से लगातार अनुकूल नीति और नियामक पारिस्थितिकी तंत्र बना रहा है, ताकि व्यापार करने में आसानी हो।

## कहां लेकर जाओगे पानी..., सिंधु जल समझौते को लेकर मौलाना मदनी के बयान पर मचा बवाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम में हुए हमले के बाद से भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए सिंधु जल समझौते पर रोक लगा दी थी। एक तरफ जहां पूरा देश भारत का समर्थन कर रहा है। वहीं पाकिस्तान के समर्थन में जमीयत-उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदानी ने एक बड़ा बयान दिया है।

मदानी ने कहा, अगर कोई देश पानी रोकता है तो उसे रोकने दो। उन्होंने कहा कि नदियां हजारों सालों से बह रही हैं और सवाल किया कि आपने पानी तो रोक दिया है, लेकिन इन नदियों का पानी कहां लेकर जाएंगे। मुझे लगता है कि नियम प्रेम का होना चाहिए, न कि नफरत का। देश में जीवन बिताने वाले एक मुस्लिम के रूप में, मैं जानता हूं कि यहां जिन चीजों को बढ़ावा दिया जा रहा है, वे देश के लिए सही नहीं हैं। अगर कोई पानी रोकता है, तो उसे रोकने दें... ये नदियां हजारों सालों से बह रही हैं, आप उनका पानी कहां ले जाएंगे? यह आसान नहीं है।

15 यूट्यूब चैनलों पर भी भारत का बैन - बता दें पहलगाम हमलों के बाद, जिसमें 26 पर्यटकों की जान चली गई, भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ़ कई कदम उठाए।

## फतेहपुर सीकरी को क्यों छोड़ दिया, लाल किले पर कब्जे की मांग लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची महिला



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने लाल किले पर कब्जे की मांग करने वाली एक महिला की याचिका खारिज कर दी। सुल्ताना बेगम ने अपनी याचिका में खुद को मुगल बादशाह जफर का कानूनी उत्तराधिकारी बताते हुए दिल्ली के लाल किले पर कब्जा दिए जाने की मांग की थी।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस याचिका को बेतुका बताया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने शुरू में ही याचिका को गलत तरीके से प्रस्तुत और निरर्थक करार दिया और दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

रिट याचिका पर नहीं किया जा सकता विचार- सीजेआई ने कहा, दायर की गई रिट याचिका गलत तरीके से प्रस्तुत की गई और निरर्थक थी। इस पर विचार नहीं किया जा सकता।

पीठ ने याचिकाकर्ता सुल्ताना बेगम के वकील को याचिका वापस लेने की अनुमति नहीं दी। वकील ने कहा, याचिकाकर्ता देश के पहले स्वतंत्रता सेनानी के परिवार के सदस्य हैं।

लाल किला ही क्यों- सीजेआई ने कहा कि अगर दलीलों पर विचार किया जाता है तो केवल लाल किला ही क्यों, फिर आगरा, फतेहपुरी सीकरी आदि के किले को क्यों छोड़ दिया गया, आप उन्हें भी ले लेते।

## युद्ध हुआ तो भारत के सामने कहां टिकेगा पाकिस्तान, पड़ोसी मुल्क के पास कुल कितने हथियार?



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम आतंकी हमला पाकिस्तान की सेना की ओर से बड़ी रणनीतिक चूक साबित हो सकता है। पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाने के लिए भारत बहुस्तरीय रणनीति पर काम कर रहा है। सिंधु जल समझौता निलंबित करके भारत ने साफ संकेत दिया है कि अब पाकिस्तान के खिलाफ उपलब्ध हर विकल्प का इस्तेमाल किया जाएगा। आतंकवाद पर पाकिस्तान को घेरने के लिए कूटनीतिक उपायों के अलावा सैन्य कार्रवाई के लिए सेना को खुली छूट दी गई है।

भारत के आक्रामक तेवरों से घबराया पाकिस्तान अब दुनिया से बचाव की गुहार लगा रहा है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पहले से बदहाल है। बलूचिस्तान, सिंध और खैबर पख्तूनख्वा में उसके लिए आंतरिक विद्रोह को संभालना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में भारत की बड़ी सैन्य कार्रवाई के खिलाफ पाकिस्तान कितने दिन टिक पाएगा, इसकी पड़ताल अहम मुद्दा है

सक्रिय सैनिक

ग्लोबल फायर पावर इंडेक्स के मुताबिक सैनिकों की संख्या के मामले में भारत भारी पड़ता है। भारत के पास 14,55,550 सक्रिय सैन्य अफसर और जवान हैं, वहीं पाकिस्तान के पास 6,54,000 सक्रिय सैन्य अफसर और जवान हैं। यानी भारत के पास दोगुने से भी ज़्यादा सैन्य अफसर और जवान हैं। भारत के पास 11,55,000 रिजर्व सैनिक हैं। पाकिस्तान के पास 5,50,000 रिजर्व सैनिक हैं।

हेलीकाप्टर की बात करें तो भारत के पास कुल 899 हेलीकाप्टर हैं। पाकिस्तान के पास कुल 373 हेलीकाप्टर हैं। इनमें भी अगर अटैक हेलीकाप्टर का आंकड़ा देखें तो भारत के पास 80 अटैक हेलीकाप्टर हैं, जबकि पाकिस्तान के पास 57 अटैक हेलीकाप्टर हैं।

भारत और पाकिस्तान की वायुसेना की अक्सर तुलना होती है। ग्लोबल फायर पावर इंडेक्स के मुताबिक भारत के पास कुल विमानों की संख्या 2,229 है। पाकिस्तान के पास कुल विमानों की संख्या 1,399 है।

## भारत से दुश्मनी मोल लेकर बर्बाद हो जाएगा पाकिस्तान, पाई-पाई का होगा मोहताज



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। भारत का शीर्ष नेतृत्व विगत दस दिनों में कई बार इस कायराना हमले को अंजाम देने वालों और उन्हें पनाह देने वालों को सबक सिखाने की चेतावनी दे चुका है।

पाकिस्तान में हड़कंप मचा हुआ है। ऐसे में अगर यह तनाव यूं ही जारी रहता है या यह युद्ध में तब्दील हो जाता है तो इसका पाकिस्तान की इकोनॉमी पर बहुत ही ज्यादा असर होगा। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था भारत से ज्यादा प्रभावित होगी। यह बात प्रसिद्ध रेटिंग एजेंसी मूडीज ने सोमवार को जारी अपने एक रिपोर्ट में कही है।

पाकिस्तान को होगा आर्थिक नुकसान- रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबे अरसे तक काफी बुरी स्थिति से गुजर रहे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में अब सुधार के लक्षण दिखाई दे रहे थे। लेकिन मौजूदा तनावपूर्ण स्थिति उसकी विकास दर को भी प्रभावित कर सकती है और राजकोषीय संतुलन स्थापित करने की पाकिस्तान सरकार की नीतियों को भी धत्ता बता सकती है।

मूडीज का आकलन यह भी कहता है कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना रहेगा। दोनों देशों के बीच तनाव की वजह से कई बार सैन्य कार्रवाई भी होती है। आजादी के बाद से ही दोनों देशों के बीच ऐसा होता रहा है लेकिन इससे कोई व्यापक युद्ध में तब्दील होने की गुंजाइश कम है।

मूडीज की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की तुलना में भारतीय इकोनॉमी के आधारभूत तत्व ज्यादा मजबूत नजर आते हैं।

## वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 15 मई को न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुनवाई तय की।

अब 15 मई को अगली सुनवाई - अब वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में 15 मई को अगली सुनवाई होगी। सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि आदेश पारित करने से पहले इस मामले पर उचित सुनवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर किसी की बात सुननी होगी।

ऐसी याचिकाओं पर आदेश नहीं देना चाहता

बता दें कि सीजेआई संजीव खन्ना 13 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं और इसी को देखते हुए उन्होंने कहा कि वे कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित नहीं रखना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने ये केस दूसरी पीठ के समक्ष रखा है।

जैसे ही मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ सुनवाई के लिए बैठी, सीजेआई ने कहा कि कुछ ऐसे पहलू हैं जिनसे केंद्र ने निपटा है, लेकिन उन्हें स्पष्टीकरण की आवश्यकता है।

सीजेआई ने आगे कहा, मैं अपने कार्यकाल के अंतरिम चरण में कोई निर्णय या आदेश सुरक्षित नहीं रखना चाहता। इस मामले की सुनवाई जल्द ही करनी होगी और यह मेरे समक्ष नहीं होगा।

सीजेआई ने कहा कि हमने केंद्र के जवाबी हलफनामे पर बहुत गहराई से विचार नहीं किया है। हां, केंद्र ने वक्फ संपत्तियों के संबंध में कुछ बिंदु उठाए हैं और कुछ विवादित आंकड़े दिए हैं, जिन पर कुछ विचार करने की आवश्यकता होगी।

सीजेआई खन्ना 13 मई को पद छोड़ देंगे और उनकी सेवानिवृत्ति के एक दिन बाद न्यायमूर्ति गवई उनका स्थान लेंगे।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उजैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 कृष्ण नवमी




## संपादकीय


# पहलगाम घटना पर भारत को समर्थन व सहानुभूति तथा आतंकवाद के खिलाफ़ लड़ाई में साथ मिल रहा है...



वैश्विक स्तरपर जिस तरह पहलगाम घटना पर भारत को समर्थन व सहानुभूति तथा आतंकवाद के खिलाफ़ लड़ाई में साथ मिल रहा है, तो मेरा मानना है कि उसे रणनीतिक स्ट्रेटज़ेसी बनाना बेहतरविकल्प हो सकता है,जो हम वर्तमान में देख रहे हैं।पहले सिंधु जल समझौता वीजा बंद, एंट्री बंद, एयर स्पेस बंद, वाघा बॉर्डर बंद सहित कई कदमों के बाद अब दिनांक 2 मई 2025 सेपाकिस्तान से आयात- निर्यात पर पाबंदी, बंदरगाहों में नो एंट्री, डाक पार्सल सेवाएं निलंबित,अनेक पाबंदियो सहित कुछ और तगड़े झटके दिए गए हैं, जो सटीक रणनीति का हिस्सा हो सकता है। यानें पाक़ को अनेकों तरफ़ों से घेर कर अंतरराष्ट्रीय समर्थन व उन्हें विश्वास में लेकर फिर सर्जिकल स्ट्राइक, तीनों अंगों की कार्रवाई से पाक को पटकनीं देना अधिक बेहतर होगा भारत में बड़े बुजुर्गों का भी कहना है पतंग को आसमान में काटना है तो धागे मजे को पहले डील दो फिर टाइट कर खींचे तो पेच लड़ाने वाले की पतंग झट से कट जाएगी बड़े बुजुर्गों की एक और बात याद आती है कि दुश्मन को सटीक पूरी तरह जमींदार रोज करना है तो पहले उसकी जड़े काटो तो उसे धराशाही करने में समय नहीं लगेगा ठीक वैसे ही रणनीति भारत की चल रही है, यानें मेरा मानना है कि इस बीच भारत की संभावित रणनीति के अनुसार अपराध को अंजाम देने में अपराधियों के समर्थकों, योजनाकारों, आकाओं के खिलाफ भी रणनीति बनाकर उन्हें बिल से बाहर निकालने की कोशिश में है। चूँकि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है, अपराधियों समर्थकों योजनाकारों के खिलाफ कड़ी व निर्णयात्मक कार्रवाई की प्रतिबद्धता को क्रियान्वयन करने का उचित असम आ गया है, तथा पाक पर राजनीति से आर्थिक सामाजिक, अर्थव्यवस्था हमला, अंतरराष्ट्रीय थूथूर रूपी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक सेना के तीनों अंगों की कार्रवाई एक बेहतर विकल्प हो सकता है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत नें पाकिस्तान पर आर्थिक घेराबंदी कर तगड़ा झटका दिया, भारत आयात निर्यात पाबंदी, बंदरगाहों में नो एंट्री, डाक पार्सल सेवाएं निलंबित।

साथियों बात अगर हम भारत द्वारा पाक को तगड़ा आर्थिक झटका देने की करें तो, वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, भारत ने पाकिस्तान से सभी वस्तुओं के डायरेक?ट या इनडायरेक?ट आयात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है, विदेश व्यापार नीति 2023 में इस संबंध में एक प्रावधान जोड़ा गया है, जिसमें कहा गया है कि अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान से आने वाले या निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों के डायरेक?ट या इनडायरेक?ट आयात पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। यह 2 मई की अधिसूचना में जानकारी दी गई है,जो भारत ने पाकिस्तान को एक और तगड़ा झटका दिया है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया है, भारत ने जैसे ही सिंधु जल संधि रद्द किया तो पहले उनके नेताओं ने जमकर गीदड़भभकी दी, मगर, बात नहीं बनी तो पश्चिमी देशों के शरण में पहुंचे और फिर भी बात नहीं बनी तो यूएन में इसका मुद्दा उठाया है, संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत ने इसे वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए खतरा बताया है, साथ ही उन्होंने भारत के खिलाफ गीदड़भभकी भी दी, पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को हर तरफ से घेरने की तैयारी चल रही है, न केवल अटैक से बल्कि कूटनीति से भी पाकिस्तान का हुक्का-पानी बंद करने की तैयारी चल रहा है, इसी क्रम में विदेश मंत्री ने शुक्रवार को यूरोपीय संघ के अपने समकक्ष से बात की।

# विश्व हास्य दिवस




विश्व हास्य दिवस प्रत्येक वर्ष मई माह के प्रथम रविवार को मनाया जाता है। मनोवैज्ञानिक प्रयोगों से यह स्पष्ट हुआ है कि अधिक हँसने वाले बच्चे अधिक बुद्धिमान होते हैं। हँसना सभी के शारीरिक व मानसिक विकास में अत्यंत सहायक है। जापान के लोग अपने बच्चों को प्रारंभ से ही हँसते रहने की शिक्षा देते हैं। इस समय जब अधिकांश विश्व आतंकवाद के डर से सहमा हुआ है, तब विश्व हास्य दिवस की अत्यधिक आवश्यकता महसूस होती है। इससे पहले इस दुनिया में इतनी अशांति कभी नहीं देखी गई। आज हर व्यक्ति के अंदर कोहराम मचा हुआ है। ऐसे में हंसी दुनियाभर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकती है।

### शुरुआत

हास्य दिवस का विश्व दिवस के रूप में प्रथम आयोजन 11 जनवरी, 1998 को मुंबई में किया गया था। विश्व हास्य योग आंदोलन की स्थापना का श्रेय डॉ. मदन कटारिया को जाता है। विश्व हास्य दिवस का आरंभ संसार में शांति की स्थापना और मानवमात्र में भाईचारे और सदभाव के उद्देश्य से हुआ है। इस दिवस की लोकप्रियता हास्य योग आंदोलन के माध्यम से पूरी दुनिया में फैल गई। आज पूरे विश्व में छह हज़ार से भी अधिक हास्य क्लब हैं। इस मौके पर विश्व के बहुत से शहरों में रैलियां, गोष्ठियां एवं सम्मेलन आयोजित किये जाते हैं।

### उद्देश्य

इस समय जब अधिकांश विश्व आतंकवाद के डर से सहमा हुआ है, तब हास्य दिवस की अत्यधिक आवश्यकता महसूस होती है। इससे पहले इस दुनिया में इतनी अशांति कभी नहीं देखी गई। हर व्यक्ति के अंतर आत्मद्वंद्व मचा हुआ है। ऐसे में हंसी दुनियाभर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकती है। हास्य योग के अनुसार, हास्य सकारात्मक और शक्तिशाली भावना है, जिसमें व्यक्ति को ऊर्जावान और संसार को शांतिपूर्ण बनाने के सभी तत्त्व उपस्थित रहते हैं। यह व्यक्ति के विद्युत चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करता है और व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। जब व्यक्ति समूह में हंसता है तो उत्पन्न सकारात्मक ऊर्जा पूरे क्षेत्र में फैल जाती है और क्षेत्र से नकारात्मक ऊर्जा हटती है।

### हँसना ज़रूरी है

आपके पास दो विकल्प हैं, एक ऐसे लोगों के साथ रहने का है, जो धीर-गंभीर और बोझिलता से भरा हो, दूसरा विकल्प है एक ज़िंदादिल इंसान के साथ रहने का। आप किसे चुनना पसंद करेंगे? ज़ाहिर है कि दूसरा विकल्प ज़्यादा लोगों को पसंद आएगा। क्योंकि कहा ही जाता है कि ज़िंदगी ज़िंदादिली का नाम है, मुर्दादिल क्या खाक जिया करते हैं। इसीलिए हंसना बहुत ज़रूरी है। विश्व भर में एक दिन हंसने के नाम समर्पित है।[3] लखनऊ के रेलवे स्टेशन से आदमी बाहर निकलता है तो बड़े अक्षरों में लिखे बोर्ड पर नज़र टिकती है- मुस्कुराइए कि आप लखनऊ में हैं। यह वाक्य पढ़ते ही यात्रियों के चेहरे पर मुस्कुराहट फैल जाती है। इस एक वाक्य में लखनऊ की ज़िंदादिली व खुशमिज़ाजी के दर्शन होते हैं। हँसना एक मानवीय लक्षण है, सृष्टि का कोई भी जीवधारी नहीं हँसता, लेकिन एक हम मनुष्य ही हँसने वाले प्राणी हैं, जीवन में निरोगी रहने के लिए हमेशा मुस्कुराते रहना चाहिए। खाना खाते समय मुस्कुराइए, आपको महसूस होगा कि खाना अब अधिक स्वादिष्ट लग रहा है।

### लाभ

हास्य सकारात्मक और शक्तिशाली भावना है, जिसमें व्यक्ति को ऊर्जावान और संसार को शांतिपर्ण बनाने के सभी तत्त्व उपस्थित रहते हैं।

हंसने से तमाम बीमारियां अपने आप छूमंतर हो जाती है।

मनोवैज्ञानिक प्रयोगों से यह स्पष्ट हुआ है कि अधिक हँसने वाले बच्चे अधिक बुद्धिमान होते हैं। हँसना सभी के शारीरिक व मानसिक विकास में अत्यंत सहायक है। जापान के लोग अपने बच्चों को प्रारंभ से ही हँसते रहने की शिक्षा देते हैं। मानव शरीर में पेट और छाती के बीच में एक डायफ्राम होता है, जो हँसते समय धुकधुकी का कार्य करता है। फलस्वरूप पेट, फेफड़े और यकृत की मालिश हो जाती है।

हँसने से ऑक्सीजन का संचार अधिक होता है व दूषित वायु बाहर निकलती है।



नियमित रूप से खुलकर हँसना शरीर के सभी अवयवों को ताकतवर और पुष्ट करता है व शरीर में रक्त संचार की गति बढ़ जाती है तथा पाचन तंत्र अधिक कुशलता से कार्य करता है।

ज़ोर से कहकहे लगाने से पूरे शरीर में प्रत्येक अंग को गति मिलती है, फलस्वरूप शरीर में मौजूद एंडोफ्राइन ग्रंथि (हारमोन दाता प्रणाली) सुचारु रूप से चलने लगती है, जो कि कई रोगों से छुटकारा दिलाने में सहायक है।

दुनिया में सुख एवं दुःख दोनों ही धूप-छाँव की भाँति आते-जाते हैं। यदि मनुष्य दोनों परिस्थितियों में हँसमुख रहे तो उसका मन सदैव काबू में रहता है व वह चिंता से बचा रह सकता है।

### विद्वान विचार

थैकर एवं शेक्सपियर जैसे विचारकों ने भी इस बात की पुष्टि की है कि प्रसन्नचित व्यक्ति अधिक जीता है। मनुष्य की आत्मा की संतुष्टि, शारीरिक स्वस्थता व बुद्धि की स्थिरता को नापने का एक पैमाना है और वह है चेहरे पर खिली प्रसन्नता। आज के इस तनावपूर्ण वातावरण में व्यक्ति अपनी मुस्कुराहट व हँसी को भूलता जा रहा है, फलस्वरूप तनावजन्य बीमारियाँ, जैसे- उच्च रक्तचाप, शुगर, माइग्रेन, हिस्टीरिया, पागलपन, डिप्रेशन आदि बहुत-सी बीमारियों को निमंत्रण दे रहा है।

### मानवता का समन्वय

हास्य एक सार्वभौमिक भाषा है। इसमें जाति, धर्म, रंग, लिंग से परे रहकर मानवता को समन्वय करने की क्षमता है। हंसी विभिन्न समुदायों को जोड़कर नए विश्व का निर्माण कर सकती है। यह विचार भले ही काल्पनिक लगता हो, लेकिन लोगों में गहरा विश्वास है कि हंसी ही दुनिया को एकजुट कर सकती है। हँसी जीवन का प्रभात है, यह शीतकाल की मधुर धूप है तो ग्रीष्म की तपती दुपहरी में सघन छाया। हँसने से आत्मा खिल उठती है। इससे आप तो आनंद पाते ही हैं दूसरों को भी आनंदित करते हैं। हास-परिहास पीड़ा का दुश्मन है, निराशा और चिंता का अचूक इलाज और दुःखों के लिए रामबाण औषधि है।

# इस कंपनी ने निवेशकों को सस्ते में ऑफर किए शेयर्स, दो दिन में ही 26 फीसदी से ज्यादा मिले सब्सक्रिप्शन

नई दिल्ली (एजेंसी)। कंपनी अक्सर राइट इश्यू का विकल्प ऑफर कर ज्यादा से ज्यादा फंड जुटाना चाहती है। जिसे शेयरधारकों से भी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। कंपनी को दो दिन में ही 26 फीसदी से ज्यादा सब्सक्रिप्शन मिले हैं।

राइट इश्यू का अर्थ हुआ कि कंपनी ने अपने मौजूदा शेयरधारकों को कम या सस्ते दामों में शेयर्स खरीदने का ऑफर दिया है। ऐसा कंपनी तब करती है,जब उन्हें ज्यादा फंड की जरूरत होती है। इसके साथ ही ऐसा कर उन्हें मौजूदा शेयर्स को बांटने की भी जरूरत नहीं पड़ती।

ये कंपनी लगातार विकास की ओर बढ़ रही है। Remedium Lifecare ज्यादातर दवाइयों से संबंधित कच्चे माल की ट्रेडिंग और डिस्ट्रीब्यूशन का काम करती है।

कंपनी ने क्यों किया राइट इश्यू- Remedium Lifecare राइट इश्यू कर ज्यादा फंड जुटाना चाहती है। इस फंड का इस्तेमाल कंपनी अपने इंटरनेशनल मार्केट को बढ़ाने पर करेगी। इसके अलावा ये पैसे ऋष्ठ कैपिटल में निवेश किए जाएंगे। वहीं कंपनी इन पैसों का इस्तेमाल अपनी फाइनेंशियल स्थिति को और बेहतर बनाने में करना चाहती है।

राइट इश्यू में निवेश किए गए पैसे का लाभ निवेशकों को लंबे समय बाद देखने को मिलेगा।

निवेशकों को सावधानी बरतने की जरूरत- Remedium Lifecare के एक शेयर कीमत 1.82 रुपये चल रही है। इसके शेयर में आज 0.03 रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। ये शेयर ईएसएम स्टेज 2 कैटेगरी में आते हैं। इसलिए निवेशक इस शेयर में पैसे लगाने से पहले किसी प्रोफेशनल इन्वेस्टर से सलाह जरूर लें।

कैसा रहा आज शेयर बाजार का हाल- इस हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को शेयर बाजार में सपाट कारोबार रहा। बाजार के मुख्य इंडेक्स हरे निशान पर ट्रेड करते रहें। आज 5 मई को बीएसई सेंसेक्स 294 बढ़कर 80,796 पर क्लोज हुआ है। इसके साथ ही निफ्टी में भी मामूली बढ़त दिखी है।

## टाटा से मिला 1764 करोड़ का मेगा ऑर्डर, शेयर में 20% का लगा अपर सर्किट, 55 है भाव



नई दिल्ली (एजेंसी)। स्टील प्रोड्यूसर बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर आज सोमवार, 5 मई को कारोबार के दौरान फोकस में रहे। कंपनी के शेयर में आज 20त का अपर सर्किट लग गया और यह 55.28 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गया। इसका पिछला बंद प्राइस 46.07 रुपये है। शेयरों में आज इस तेजी के पीछे एक बड़ा ऑर्डर है। दरअसल, कंपनी को टाटा स्टील लिमिटेड से मेगा ऑर्डर मिला। बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज ने कहा कि ऑर्डर का कुल वैल्यू 1,764 करोड़ है, जो इसके वर्तमान मार्केट कैप 1,244 करोड़ से 40त अधिक है। ऑर्डर के दायरे में कंपनी की जमशेदपुर सुविधा में कॉइल्स का प्रोसेसिंग और ट्रांसफर शामिल है। बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि यह ऑर्डर 31 मार्च, 2029 तक पूरा किया जाना है। BMW इंडस्ट्रीज ने कहा कि यह वर्क ऑर्डर की अवधि के दौरान कंपनी के राजस्व में योगदान देगा। BMW इंडस्ट्रीज ट्यूबलर पोल और संरचनाओं, ट्रांसमिशन लाइनों और टावरों और रीबर के निर्माण के साथ-साथ बुनियादी ढांचे की सेवाओं में लगी हुई है।कोलकाता स्थित इस कंपनी के पास कोई म्यूचुअल फंड या विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक की हिस्सेदारी नहीं है। मार्च तिमाही के अंत में करीब 52,000 छोटे निवेशक या 2 लाख तक की अधिकृत शेयर पूंजी वाले लोगों के पास कंपनी में 13.63% हिस्सेदारी है।

# सोना चोरी होने या खोने की नहीं होगी टेंशन, क्या है गोल्ड इंश्योरेंस और इससे जुड़े फायदे



नई दिल्ली (एजेंसी)। गोल्ड चोरी होने या खोने का डर हमेशा रहता है। क्योंकि ये एक लग्जरी आइटम है। पिछले महीने सोने ने 1 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंचकर हाई रिकॉर्ड बनाया है। इसके बेहतर रिटर्न की वजह से ही इसे निवेश के लिए बेहतर विकल्प माना जाता है।

अगर भारत की बात करें तो यहां ये सिर्फ निवेश का जरिया नहीं है, बल्कि इससे लोगों की भावनाएं भी जुड़ी होती हैं। चाहे सोने की कीमत में भारी उछाल हो, लेकिन लोग फिर भी उत्सव या शादी के मौके पर सोने में निवेश जरूर करेंगे। क्योंकि इस समय में सोना खरीदना शुभ माना जाता है।


हम सोना खरीद तो लेते हैं, लेकिन इसकी सुरक्षा की हमेशा चिंता रहती है। अगर आपको भी गोल्ड चोरी या खोने का डर रहता है, तो गोल्ड इंश्योरेंस एक बेहतर विकल्प रहेगा।

क्या है गोल्ड इंश्योरेंस- जैसे आज हम हर लग्जरी आइटम का इंश्योरेंस करते हैं, ऐसे ही गोल्ड का भी इंश्योरेंस किया जा सकता है। ये इंश्योरेंस गोल्ड कंपनी द्वारा या अन्य इंश्योरेंस कंपनियों द्वारा ऑफर किया जाता है। गोल्ड इंश्योरेंस करने से आपको सोना चोरी या खोने का डर नहीं रहता।

आप जिस ज्वैलर से खरीद रहे हैं, उससे भी इंश्योरेंस की जानकारी ले सकते हैं। हालांकि आपको इसके लिए अलग से चार्ज देना होगा। इसके साथ ही अगर आप दूसरी कंपनी से भी इंश्योरेंस लेते हैं, तो भी आपको प्रीमियम अमाउंट देना होगा।

कैसे होगा इंश्योरेंस क्लेम- ये ध्यान रखें कि अगर आप गोल्ड इंश्योरेंस ले रहे हैं, तो इसका फायदा तभी होगा जब आप इसे जरूरत पड़ने पर क्लेम कर सकें। इसे क्लेम करते वक्त आपसे कुछ जरूरी दस्तावेज मांगे जा सकते हैं। इनमें गोल्ड ज्वेलरी का पक्का बिल होना सबसे जरूरी है।

## क्या डीमैट अकाउंट पड़े-पड़े हो गया है बंद, जानें कैसे करें इसे रिकवर




नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार में आज निवेश के कई विकल्प मिल जाते हैं। वहीं इसके अलग-अलग सेक्टर में निवेश कर भविष्य के लिए मोटा फंड तैयार किया जा सकता है। लेकिन शेयर बाजार के किसी भी सेक्टर में निवेश करने के लिए व्यक्ति के पास डीमैट अकाउंट होना अनिवार्य है।

इसके बिना आप शेयर बाजार में खरीदारी या शेयर बेचने जैसे कार्य नहीं कर पाएंगे। अगर आपका भी डीमैट अकाउंट बंद हो गया है। तो घबराने की बात नहीं है, इसे आप घर बैठे भी रिकवर कर सकते हैं। लेकिन इसके रिकवर तरीकों के बारे में जानने से पहले बात करते हैं कि डीमैट अकाउंट किन परिस्थितियों में बंद पड़ सकता है।

कब बंद हो सकता है आपका डीमैट खात- मौजूदा समय में कई ब्रोकरेज ऐप डीमैट खाता लंबे समय के लिए इस्तेमाल न करने पर इसे अस्थायी रूप से बंद कर देती है।

अगर निवेशक द्वारा दर्ज की गई जानकारी मेल नहीं खाती, तो ऐसी स्थिति में भी डीमैट खाता क्लोज हो सकता है।

इसके अलावा पैन कार्ड, आधार कार्ड की डिटेल डीमैट खाते से न जोड़ने पर भी ये बंद हो सकता है। डीमैट अकाउंट बंद होने पर आप इसे आसानी से रिकवर कर सकते हैं। चलिए अब इसके रिकवर तरीकों के बारे में भी बात कर लेते हैं।

# 2025 में 88% इक्विटी म्यूचुअल फंड से हुआ निवेशकों को नुकसान, आखिर क्या है इसका कारण?



नई दिल्ली (एजेंसी)। इस साल 276 इक्विटी म्यूचुअल फंड में से 88 फीसदी फंड ऐसे रहें, जिनसे निवेशकों को नुकसान हुआ है। ये घाटा 15 फीसदी से भी ज्यादा का दर्ज किया है। इन फंड में सबसे ज्यादा स्मॉल कैप और मिड कैप फंड को शामिल किया गया है। इसके अलावा 33 फंड ऐसे भी रहें, जिनसे निवेशकों को बड़ा लाभ मिला है। इनका रिजल्ट भी पॉजिटिव रहा है।

चलिए इनके बारे में एक-एक करके बात करते हैं। इन नेगेटिव फंड में से भी 44 फंड ऐसे रहे हैं, जिनसे निवेशकों को डबल डिजिट नंबर पर घाटा हुआ है।

कौन से रहा सबसे अधिक नुकसानदायक- इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार साल 2025 तक स्मॉल कैप या मिड कैप नहीं बल्कि फ्लेक्सी कैप सबसे ज्यादा नुकसानदायक रहे हैं। Samco Flexi Cap Fund ने साल 2025 में 20.66 फीसदी का घाटा दिया है।

स्मॉल कैप में हुआ नुकसान- फ्लेक्सी कैप के अलावा LIC MF स्मॉल कैप और HSBC स्मॉल कैप सबसे अधिक नुकसान वाले रहें। इनमें 18.97त और 17.33त की गिरावट देखी गई है। देखा जाए तो लगभग 6 स्मॉल कैप ऐसे रहें जिनमें 15 फीसदी से ज्यादा नुकसान दर्ज किया गया है।

किन मिड कैप से हुआ घाटा- वहीं एक मिड कैप भी ऐसा रहा है, जिसने निवेशकों को घाटा पहुंचाया। इनमें Motilal Oswal Midcap Fund शामिल हैं। इसमें 16.10 फीसदी की गिरावट देखी गई है।

## इस साल के अंत तक बिक जाएगा यह सरकारी बैंक! अधिकारी ने दी जानकारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। आईडीबीआई बैंक के प्राइवेटाइजेशन को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। खबर है कि इस साल के अंत तक इसका विनिवेश हो जाएगा। दरअसल, फाइनेंशियल सर्विस डिपार्टमेंट के सचिव एम. नागराजू ने 5 मई को कहा कि आईडीबीआई बैंक में हिस्सेदारी की स्ट्रैटेजिक बिक्री 2025 में पूरी हो जाएगी। आज सोमवार को बैंक के शेयर कारोबार के दौरान 1.21त चढ़कर 80.84 रुपये पर कारोबार कर रहे थे।नागराजू ने फर्स्ट रेजिडेंशियल मॉर्गेज बैक्ड सिक्योरिटी के लिस्टिंग समारोह के दौरान कहा, आईडीबीआई बैंक में हिस्सेदारी की बिक्री इस कैलेंडर वर्ष में पूरी हो जाएगी। केंद्र और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) संयुक्त रूप से ऋष्टदाता में 61 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रहे हैं, जिसमें सरकार के पास 30.48 प्रतिशत और बीमा फर्म के पास 30.24 प्रतिशत हिस्सेदारी शामिल है।

दैनिक हिन्दकुश
सर्वे भवन्तु सुखिनः
hindkush.in
24x7 News portal
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# रेस्टोरेंट में खाने के ऑर्डर में देरी से मंत्री नाराज, चलित प्रयोगशाला और खाद्य सुरक्षा अधिकारी को बुलवाया




ग्वालियर । लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग के राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का ग्वालियर के सिटी सेंटर में क्वालिटी रेस्टोरेंट में भोजन करने पहुंचे थे तो टेबल मिलने से लेकर ऑर्डर में देरी पर स्टाफ से विवाद हुआ तो मंत्री ने तत्काल खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से लेकर चलित खाद्य प्रयोगशाला को मौके पर बुलवा लिया।

इसके बाद आसपास बाजार में हड़कंप मच गया। मंत्री खुद अपने स्टाफ के साथ रसोईघर से लेकर भंडारगृह तक जा पहुंचे और खुद भी जांच करने लगे। इस दौरान रेस्टोरेंट के स्टाफ ने हाथ जोड़कर आग्रह किया कि वे बैठ जाएं। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि मंत्री की ओर से सैंपलिंग करने के लिए सूचना मिली थी। वहीं मंत्री पटेल ने कहा कि यह तो रूटीन चेकअप था।अमानक निकला तेल

बता दें कि राज्यमंत्री पटेल शनिवार को ग्वालियर प्रवास पर आए थे, रविवार दोपहर कई जगह निरीक्षण किया और रविवार रात क्वालिटी रेस्टोरेंट में भोजन के लिए स्टाफ सहित पहुंचे थे। यहां टेबल मिलने और ऑर्डर में देरी के बाद मंत्री ने उन्होंने स्टाफ के साथ अंदर जाकर निरीक्षण शुरू कर दिया और चलित खाद्य प्रयोगशाला और खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को बुलवा लिया। यहां सूरजमुखी के तेल की जांच की गई तो वह अवमानक निकला।

### *जांच के लिए भोपाल लैब भेजा जाएगा*

देर रात तक दल यहां सैंपलिंग की कार्रवाई करता रहा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश गुप्ता, सतीश धाकड़, निरुपमा शर्मा ने मौके से सूरजमुखी का तेल, पनीर, मावा व भुनी प्याज के नमूने लिए। उन्हें जांच के लिए भोपाल लैब भेजा जाएगा।

ग्वालियर एसएसपी धर्मवीर सिंह यादव और सीएसपी हिना खान के अनुसार राज्यमंत्री पटेल का रेस्टोरेंट में होटल स्टाफ से विवाद हो गया था जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे थे। कुछ देर बाद मंत्री मौके से चले गए थे।

अवमानक तेल का अर्थ

अवमानक तेल का आशय ऐसे तेल से है जो खाद्य तेल के लिए निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरता। यह तेल मिलावटी भी हो सकता है या इसमें हानिकारक पदार्थ मौजूद हो सकते हैं, जिससे यह खाने के लिए सुरक्षित नहीं रह जाता।

### *मंत्री के खाने के ऑर्डर में देरी हो सकती है कारण*

मैं एक विवाह समारोह में जा रहा था और स्टाफ का कॉल आया कि विवाद हो गया है। रेस्त्रां में राज्यमंत्री पटेल के पहुंचने की जानकारी मिली, इसके बाद मैं रेस्त्रां पहुंच गया। रेस्त्रां भरा हुआ था और ग्राहक प्रतीक्षा में थे। यही मंत्री के खाने के ऑर्डर में देरी का कारण हो सकता है।

**- संजय अरोरा, रेस्त्रां संचालक**

मंत्री बोले- रूटीन चेकअप है

रूटीन चेकअप है। सामने वाले घबरा रहे हैं कि सैंपलिंग फेल हो जाएगी, तभी ऐसी बातें कह रहे हैं। जब मंत्री पर आरोप लगा रहे हैं तो अधिकारियों को तो ये लोग दबा देते होंगे।

**- नरेंद्र शिवाजी पटेल, राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग, भोपाल**

## रानी दुर्गावती का मकबरा कहां बना है?', RDVV Jabalpur की परीक्षा में पूछे गए सवाल पर मचा बवाल




जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की परीक्षा में एक सवाल ने बवाल खड़ा कर दिया है। तीन मई को बीएससी द्वितीय वर्ष के फाउंडेशन कोर्स की परीक्षा में महिला सशक्तिकरण के पेपर में रानी दुर्गावती से जुड़ा एक सवाल था। इसमें रानी दुर्गावती का मकबरा कहा है यह पूछा गया। सवाल में समाधि की जगह मकबरा शब्द का उपयोग हुआ है।

हिंदी ही नहीं अंग्रेजी शब्द में भी गलती हुई है। इस प्रश्न के चार विकल्प थे, प्रश्न में ऊर्दू शब्द मकबरा के होने से विद्यार्थी परेशान हुए बाद में जब यह अन्य संगठनों को जानकारी लगी तो विश्वविद्यालय में आपत्ति दर्ज करवाइ गई। परीक्षा विभाग इसे गलती मानते हुए पेपर बनाने वाले से लेकर विषय के अध्ययन मंडल तक से जवाब मांगने का दावा कर रहा है।विवि जिसके नाम उसी पर गलत सवाल रानी दुर्गावती के नाम पर विश्वविद्यालय का नामकरण है। ऐसे में उन्हीं रानी से जुड़े सवाल में गलती से विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों पर सवाल उठ रहा है। परीक्षा में यह प्रश्न पूछे जाने से स्टूडेंट्स, सामाजिक संगठन और इतिहास प्रेमी नाराज हैं।

वे इसका विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि वीरता और बलिदान की प्रतीक रानी दुर्गावती को मकबरे से जोड़ना न केवल ऐतिहासिक अज्ञानता को दर्शाता है, बल्कि यह मातृ शक्ति और जनआस्था का भी अपमान है।मांग रहे जवाब इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि मिश्रा ने कहा कि यह सवाल गलत है मकबरा शब्द का उपयोग नहीं होना चाहिए। अब देखा जाएगा कि पेपर किसने बनाया और किसने की जांच की है। हम इस मामले में नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण लेंगे।

## प्रदेश कांग्रेस में बड़े बदलाव, मुख्य प्रवक्ता का पद समाप्त, नए सिरे से टीम बनी, अब होंगे 53 प्रवक्ता

भोपाल। संगठन वर्ष माना रही मप्र कांग्रेस ने अब मीडिया विभाग में बड़ा परिवर्तन किया है। मुख्य प्रवक्ता का पद जहां समाप्त कर दिया, वहीं कुणाल चौधरी, विपिन वानखेड़े, अमित शर्मा सहित नौ प्रवक्ताओं की मीडिया टीम से छुट्टी कर दी। अब मीडिया विभाग का पुनर्गठन करते हुए 53 प्रवक्ता बनाए गए हैं। इसमें प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष नूरी खान को शामिल किया है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के अनुमोदन से अपनी टीम बनाई है।

इसमें पूर्व विधायक अशोक मर्सकोले और बैजनाथ कुशवाह को भी अवसर नहीं दिया।

रानी बौरासी, अवनी बंसल, राजकुमार केलू उपाध्याय को भी टीम में स्थान नहीं मिला।

मार्च 2024 में नौ मुख्य प्रवक्ता सहित 22 प्रवक्ता बनाए गए थे।

अब पार्टी की रीति-नीति और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 53 प्रवक्ता बनाए गए हैं।

इनमें जीत भदौरिया, अपराजिता पांडे, अब्बास हाफिज, अभिनव बरोलिया, अमित चौरसिया, अमित तावड़े, अंबिका शर्मा, अवनीश बुंदेला, आनंद जाट, आनंद जैन कासलीवाल, आरपी सिंह, कुंदन पंजाबी, गुंजन शुक्ला, जितेंद्र मिश्रा, ज्योति पटेल, धर्मेंद्र शर्मा, नीलाभ शुक्ला, नूरी खान, प्रतिभा विक्टर, प्रमोद द्विवेदी, प्रवीण धौलपुर, प्रियंका शर्मा, फिरोज सिद्दीकी, भूपेंद्र गुप्ता, मिथुन अहिरवार, मुकेश पंथी, मृणाल पंत, योगेश यादव, रवि वर्मा, रवि सक्सेना, राजेश चौकसे, राम पांडेय, राहुल राज, रितेश त्रिपाठी, रोशनी यादव, विक्रम चौधरी, विनय सक्सेना, विनोद शर्मा, विवेक त्रिपाठी, शहरयार खान, शैलेंद्र पटेल, संगीता शर्मा, संतोष सिंह गौतम, संतोष सिंह परिहार, संदीप सबलोक, समर सिंह, साबिर फिटवाल, सीताशरण रघुवंशी,

# सड़क हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र व भतीजे की मौत, कार ने मारी टक्कर





भिंड। ग्वालियर-इटावा राजमार्ग को फोरलेन या सिक्सलेन बनाने की मांग के बीच यहां हादसा हो गया। बरासो थाना क्षेत्र अंतर्गत पिड़ौरा में हुए हादसे में बाइक सवार पिता, पुत्र और भतीजे व कार सवार युवक की मौत हो गई। कार में बैठे पांच लोग घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज रफ्तार कार ओवरटेक करते समय बाइक से टकराकर खंती में जाकर पलट गई। सोमवार की दोपहर मृतक के परिजन ने भिंड तिराह पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। करीब आधे घंटे तक मेहगांव से होकर निकले ग्वालियर-इटावा हाइवे पर जाम लगा रहा।

बाइक को टक्कर मारकर अनियंत्रित हुई कार

जानकारी के अनुसार कठमा गांव निवासी बिहारीलाल बघेल (40), उनके चाचा सुजान सिंह बघेल (50 ) और सुजान का पुत्र ऋषिकेश बघेल (22 ) भिंड में फलदान कार्यक्रम में गए थे। रात करीब एक बजे घर लौट रहे थे। बाइक ऋषिकेश चला रहा था।

इसी दौरान पोरसा से भिंड की ओर आ रही तेज रफ्तार कार ने एक वाहन को ओवरटेक करते हुए ऋषिकेश की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। कार पलटने से उसमें बैठे कार सवार महमूद पुत्र हमीद खान (23) निवासी पोरसा की मौके पर ही मौत हो गई।

सूरज (9), कल्लू (22), अंशु (22), शकील (24) और चालू (22) घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस से जिला अस्पताल, भिंड पहुंचाया गया। हादसे के दौरान भिंड विधायक नरेंद्र सिंह मौके से से गुजर रहे थे। उन्होंने तुरंत गाड़ी रुकवाई और एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। घायलों को अस्पताल भिजवाने में मदद की। उसके बाद वे अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों को उचित इलाज के निर्देश दिए।

बरोही थाना प्रभारी अतुल प्रभारी ने बताया कि सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

हाइवे पर आधे घंटे तक थमे रहे वाहनों के पहिए

पोस्टमॉर्टम के बाद बाइक सवार मृतकों के परिजन ने मृतकों के परिवार को 50-50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाने की मांग को लेकर मेहगांव से होकर निकले हाइवे पर भिंड तिराह के पास शव रखकर चक्काजाम कर दिया।

चक्काजाम होने की सूचना मिलते ही मेहगांव पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद मेहगांव थाना प्रभारी महेश शर्मा, राजवीर सिंह बघेल जिपं सदस्य वार्ड 16 ने मृतक परिवार के सदस्यों से बातचीत कर जाम को खुलवाया। करीब आधे घंटे तक ग्वालियर व भिंड रोड वाहनों के पहिए थमे रहे।




## तेज रफ्तार का कहर! बेटे की मौत, पिता ICU में और युवती की रहस्यमयी मौत से हड़कंप



इंदौर। इंदौर के तेजाजी नगर क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार पिता-पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 18 वर्षीय छात्र राज सोलंकी की मौत हो गई, जबकि उसके पिता प्यारे सिंह सोलंकी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों ग्राम मेरोद के निवासी हैं और पेट्रोल भरवाने के बाद वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे तेजाजी नगर मेन रोड के सर्विस रोड पर पहुंचे, एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे राज बाइक से उछलकर दूर जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाई और दोनों घायलों को एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान देर शाम राज की मौत हो गई। बताया गया कि राज इस वर्ष कक्षा 12वीं में गया था और एक निजी स्कूल में पढ़ाई कर रहा था। परिवार में उसके माता-पिता और एक छोटा भाई है। पिता प्यारे सिंह ड्राइवर के रूप में कार्यरत हैं।

# युवाओं में कौशल, रोजगार और मानवीय मूल्यों के समावेश से आत्मनिर्भरता की समझ विकसित करने के उद्देश्य से एक माह की हुई कार्यशाला

## प्रदेश भर के अनेक शैक्षणिक संस्थानों के युवाओं ने लिया भाग

इंदौर। मानव चेतना विकास केंद्र पिवडाय इंदौर में गत दिवस कार्यशाला का सफल समापन हुआ। एक माह की यह कार्यशाला राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग मध्यप्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत दो वर्षीय अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत आयोजित की गई थी। इसमें प्रदेश भर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से चयनित 20 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवाओं में कौशल, रोजगार और मानवीय मूल्यों के समावेश से आत्मनिर्भरता की समझ विकसित करना था।



अनुसंधान परियोजना के निदेशक डॉ. अभय वानखेड़े ने बताया कि सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव और मानवीय मूल्य शिक्षा की कमी के कारण युवा मानसिक तनाव, अकेलापन और निर्णय असमर्थता जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। इस कार्यशाला में मानसिक, भावनात्मक व आर्थिक स्वतंत्रता की ओर अग्रसर करते हुए युवाओं को आत्मनिरीक्षण, संवाद और व्यावहारिक अभ्यासों के माध्यम से जीवन मूल्यों से जोड़ा गया।

कार्यशाला में 28 गहन सत्र आयोजित हुए, जिनमें आजादी क्या है?, असली चाहत क्या?, मेरा स्वभाव क्या है?,हमसे आगे कौन? जैसे जमीनी और आत्मपरक प्रश्नों पर चिंतन व मंथन हुआ।

## इंदौर में शुरू होगा ईएसआईसी का मेडिकल कॉलेज, शुभारंभ के लिए पीएम मोदी को बुलाने की कवायद

इंदौर। इंदौर में डेढ़ साल पहले खुले ईएसआईसी हॉस्पिटल परिसर में मेडिकल कॉलेज भी खुलने जा रहा है। कॉलेज का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों हो, इसके लिए सांसद शंकर लालवानी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखा है।

केंद्र सरकार ने दो साल पहले खुले 300 बेड्स के अस्पताल में सौ अतिरिक्त बेड्स करने की मंजूरी दी है। इसके बाद यह ईएसआईसी का देश का सबसे बड़ा अस्पताल हो जाएगा। इंदौर के आसपास पीथमपुर, देवास जैसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र है।

# साईकृपा कॉलोनी में निर्माणाधीन अवैध हॉस्टल का काम पार्षद संगीता महेश जोशी ने रुकवाया

इंदौर। शहर के वार्ड क्रमांक 37 स्थित साईकृपा कॉलोनी में अवैध हॉस्टल और मल्टीफ्लेटेड रेंटल बिल्डिंग्स के निर्माण से परेशान रहवासियों की शिकायत पर पार्षद संगीता महेश जोशी ने त्वरित कार्रवाई की है। कॉलोनी के शांतिपूर्ण माहौल को बचाने और अनधिकृत निर्माणों पर लगाम लगाने के लिए उन्होंने न केवल निर्माण कार्य रुकवाया, बल्कि नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर कठोर कार्रवाई की मांग भी की।



2 मई को मंदिर वाटिका में डेकोरेटिव लाइट्स इंस्टालेशन के भूमिपूजन के अवसर पर साईकृपा कॉलोनी के रहवासियों ने स्थानीय पार्षद श्रीमती संगीता जोशी को कॉलोनी में हो रहे हॉस्टलनुमा निर्माण और पहले से बने ऐसे अवैध ढांचों की लिखित शिकायत सौंपी। शिकायत मिलते ही पार्षद ने तुरंत संबंधित निर्माण स्थल का दौरा किया और वहां चल रहे कार्य को बंद करवाया। उन्होंने प्लॉट मालिक को दस्तावेजों के साथ नगर निगम कार्यालय बुलाया और रहवासियों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखा।

## गाँव-गाँव हो रहे हैं जल संवादः श्रमदान के लिए ग्रामीण आ रहे हैं आगे



इंदौर। इंदौर जिले में राज्य शासन द्वारा दिये गए दिशा-निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान का क्रियान्वयन प्रभावी रूप से किया जा रहा है। अभियान के तहत तालाबों, कुँओं, बावड़ी आदि के गहरीकरण, जीर्णोद्धार आदि के कार्य किये जा रहे हैं। ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित भी किया जा रहा है। साथ ही गाँव-गाँव जनजागरूकता के कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। इसके तहत गाँवों में जल यात्रा निकाली जा रही है। ग्रामीणों से चर्चा के लिए जल संवाद कार्यक्रम हो रहे हैं। ग्रामीणों को साथ लेकर जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के लिए श्रमदान भी किया जा रहा है। इसी सिलसिले में महू विकासखंड में भी मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये गये। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत रात्रि में आदर्श ग्राम में बैठक ली गई एवं लोगों को जल का महत्व बताया गया। जल को संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया गया एवं सुबह ग्राम वासियों के साथ तालाब पर सांकेतिक श्रमदान किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक एवं विकासखंड और सेक्टर की नवांकुर संस्था की सहभागिता रही।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के नये संशोधन 15 मई से होंगे प्रभावी

इंदौर। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में किये गये संशोधन 15 मई 2025 से प्रभावी होंगे। नये संशोधन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के लिये चार तिथियां बसंत पंचमी, अक्षय तृतीया एवं तुलसी विवाह (देवउठनी ग्यारस), एक अन्य तिथि विभाग के अनुसार निर्धारित की जा सकती है। योजना के अन्तर्गत अब सामूहिक विवाह इन्हीं तिथियों में आयोजित होंगे, जिन्हें योजना के तहत लाभ प्रदान किया जायेगा। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग की दृष्टि से योजना की तिथियों का निर्धारण किया गया है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया लॉयर्स चेम्बर एवं मल्टीलेवल पार्किंग का शिलान्यास

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को जबलपुर में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा आयोजित एक भव्य एवं गरिमामय समारोह में लॉयर्स चेम्बर और मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। समारोह में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री जस्टिस सूर्य कांत, श्री जस्टिस जे. के. माहेश्वरी एवं श्री जस्टिस एस. सी. शर्मा, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश



श्री जस्टिस सुरेश कुमार कैत, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधीश श्री जस्टिस संजीव सचदेवा एवं महाधिवक्ता प्रशांत सिंह मौजूद थे। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय परिसर के समीप बनने वाले लॉयर्स चेम्बर एवं मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है। समारोह में एमपी स्टेट बार कॉउंसिल के चेयरमेन श्री राधेलाल गुप्ता, हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल, हाईकोट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री डी. के. जैन, मध्यप्रदेश स्टेट बार कॉउंसिल के उपाध्यक्ष श्री आर. के. सिंह सैनी एवं मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल श्री धरमिन्दर सिंह राठौड़ भी उपस्थित थे। इसके पहले समारोह स्थल पहुंचने पर महाधिवक्ता श्री प्रशांत सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

# नये कानूनों से न्यायालयीन प्रणाली और लोकतंत्र हुआ है समृद्ध : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि न्याय पाना देश के हर नागरिक का कानूनी अधिकार है। वादी को समय पर न्याय दिलाना ही सम्पूर्ण न्याय प्रणाली का एकमात्र लक्ष्य है। न्याय पाने के अधिकार की सुरक्षा करते हुए हमारी सरकार प्रदेश के हर नागरिक को सहज और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समय पर न्याय दिलाना एक समाजिक सूत्र है, जिसे हम सभी को अपने-अपने दायरे में पूरी शिद्दत से निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रियासत काल से ही रीवा क्षेत्र न्याय व्यवस्था की दृष्टि से हमेशा अग्रणी रहा है। इस दिशा में रीवा में आज एक और नए युग का सूत्रपात हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को रीवा में नवनिर्मित जिला न्यायालय कॉम्पलेक्स के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस नवनिर्मित भवन को न्याय का मंदिर बताते हुए विश्वास जताया कि इस भवन में आने वाला हर व्यक्ति सहज, सुलभ और पूर्ण न्याय प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि सच्चे अर्थों में सम्राट विक्रमादित्य ने ही देश में एक सशक्त न्याय प्रणाली की आधारशिला रखी थी और आज भी उनकी वही समृद्ध परम्परा निर्बाध गति से प्रवाहमान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पिछले डेढ़-दो सालों में ही न्यायालयीन व्यवस्था की बेहतरी के लिए प्रदेश में 30 से अधिक छोटे-बड़े न्यायालय भवनों का लोकार्पण किया गया है और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार न्याय पाने के इच्छुक हर व्यक्ति के लिए जिला न्यायालय में एक सकारात्मक वातावरण तैयार करने तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने न्यायिक प्रणाली को अधिक कारगर बनाने के लिए नये कानून बनाए।

hindkush.in
24x7 News portal

दैनिक हिन्दकुश

jagrayam.com
online news magazine

सर्वे भवन्तु सुखिनः

भोपाल, इंदौर, उज्जैन, से प्रकाशित

संपादक मंडल

श्री संजय ज्ञानी – संपादकीय सलाहकार
श्री संजय व्यास – संपादकीय सलाहकार डिजिटल
सुश्री परम चैतन्य – कार्यकारी संपादक
डॉ. चमन सिंह राजौरा – उप संपादक
श्री आशीष उपाध्याय – विशेष संवाददाता व विधि सलाहकार
श्री भुवनेश भार्गव – विशेष संवाददाता
श्री शिरीष राव मोरे – ब्यूरो प्रमुख
श्री नरेन्द्र राठौर – संवाददाता
श्री धर्मेंद्र राठौर – संवाददाता
श्री कौशल कांतिदास वैरागी – विशेष प्रतिनिधि

जय श्री महाकाल ...



वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृगधरम वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम, वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# महाकालेश्वर मंदिर परिसर में लगी आग

## दूर तक दिखाई दे रही थी लपटें, दमकल की 3 गाड़ियां ने आग पर पाया काबू





उज्जैन। सोमवार को दोपहर के समय महाकालेश्वर मंदिर परिसर स्थित कंट्रोल रूम की छत पर में भीषण आग लग गई। आग की लपटें दूर-दूर तक दिखाई दे रही थीं। सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की दमकल पहुंची और तीन गाड़ियों से आज पर काबू पाया। अधिकारियों के अनुसार हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। कुछ देर अफरा तफरी के बाद मंदिर में हालात सामान्य हो गए थे।

उज्जैन स्थित भगवान महाकालेश्वर मंदिर परिसर में सोमवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग परिसर में स्थित कंट्रोल रूम की छत पर लगी थी। इस हादसे में पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम की बैटरियां जल गई। आग की लपटें 1 किलोमीटर दूर से दिखाई दे रही थीं। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल की 3 गाड़ियां पहुंचीं और आग को बुझाया।आग से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मौके पर महाकाल मंदिर समिति के अधिकारी भी मौजूद थे।

आग लगने के बाद मंदिर में कुछ समय के लिए भक्तों का प्रवेश रोकना पड़ा। हादसा मंदिर के अवंतिका गेट के कंट्रोल रूम की छत पर हुआ। फिलहाल बैटरी में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। अधिकारियों के मुताबिक, जांच के बाद ही हादसे के कारणों का पता चल सकेगा। आग पर काबू पाने के बाद मंदिर के गेट को दोबारा खोल दिया गया है।

महाकाल मंदिर के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि कंट्रोल रूम की छत पर पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम की बैटरियों में आग लगी थी, जिस पर तत्काल काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। केवल बैटरियों का ही नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना मिलते ही कलेक्टर रोशन सिंह, महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा, नगर निगम कमिश्नर आशीष पाठक सहित अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। इधर इस हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि मंदिर परिसर में छत से आग के साथ धुआं उठ रहा है. ऐसी आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से बैटरी में आग लगी। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

# निगम कर्मचारियों ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि





उज्जैन। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ, सफाई कामगार संघ एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के संरक्षक रामचंद्र कोरट के आह्वान पर निगम गेट पर सोमवार को पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गये निर्दोष लोगों के लिये शोक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में निगम कर्मचारी शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की।

सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के रमेशचंद्र निगम ने श्रद्धा सुमन का वाचन करते हुए कहा कि पहलगाम में आतंकी वारदात में आतंकियों द्वारा 26 निर्दोष पर्यटकों को अनायास मौत के घाट उतार दिया गया, जिससे 140 करोड़ भारतवासी स्तब्ध हैं। मारे गये पर्यटकों के परिवारों के दु:ख की इस घड़ी में सारा विश्व उनके परिवार एवं भारत के साथ खड़ा है। आज हम उन पुण्य आत्माओं को नमन करते हुए सादर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं एवं भगवान महाकाल से प्रार्थना करते हैं कि उन सभी पुण्य आत्माओं को बैकुंठ धाम में स्थान प्रदान करें एवं दु:ख की इस घड़ी में उनके परिवारों को धैर्य एवं साहस प्रदान करें।

इस अवसर पर अपर आयुक्त (वित्त) अर्पित शुक्ला, उपायुक्त मनोज मौर्य, कर्मचारी संघ के रामचंद्र कोरट, रामविलास गुप्ता, पी.एल. टटवाल, डॉ. पवन व्यास, अजय मेहता, चंदगीराम टांकले (पहलवान), मनसुख मेहरवाल, रमेशचंद्र रघुवंशी, नितिन मुसले, सुशील व्यास, रमेशचंद्र मकवाना, वैद्य छीतरसिंह वर्मा, आडिटर श्री पटेल, श्री राजू, संदीप कलोसिया, शैलेष नागर, श्यामसुंदर शर्मा, अब्दुल हमीद दरोगा, महेश झांझोट, जफरआलम अंसारी, भरत मालवीय, संतोष शर्मा, मुश्ताक अहमद, मनोज सक्सेना, राजेन्द्र देवधरे, राजेन्द्र व्यास, आलोक पोद्दार, दीपक मकड़ावन, हितेश त्रिवेदी, श्रीमती हेमलता चंदेल, लक्ष्मीबाई, श्रीमती सपना गोसर, श्रीमती पूजा, महेन्द्रसिंह सिद्धू सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

## बगलामुखी का अभिषेक कर लगाए छप्पन भोग, फूलों से सजाया मंदिर



उज्जैन। भैरवगढ़ रोड स्थित उज्जैन के प्रसिद्ध मां बगलामुखी धाम मंदिर में सोमवार को योगी पीर श्री रामनाथ जी महाराज के सानिध्य में बगलामुखी का प्राकट्य उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सुबह 11 पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देवी का महाभिषेक किया। दोपहर में वस्त्रों व सोने-चांदी के आभूषणों से श्रृंगार के बाद शाम को छप्पन भोग लगाकर ढोल-नगाड़ों से महाआरती की गई।

# अजहरुद्दीन शाह को भाजपा शहीद राजा भाऊ महाकाल मंडल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया

उज्जैन। मुस्लिम समाज के अजहरुद्दीन शाह को भाजपा में राजा भाऊ महाकाल मंडल का मीडिया प्रभारी बनाया गया। यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, भाजपा नगर जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं नगर निगम सभापति कलावती यादव की सहमति से राजा भाऊ महाकाल मण्डल अध्यक्ष मुकेश पोरवाल द्वारा अजहरुद्दीन शाह को मीडिया प्रभारी बनने की घोषणा की गई। भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी बनने पर अजहरुद्दीन को समाजजन एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।अजहरुद्दीन ने मुख्यमंत्री जी एवं भाजपा संगठन का आभार व्यक्त किया है।

# एकोरुद्र नीम करोरी सामाजिक कल्याण संस्था ने की शीतल पेयजल की सेवा




उज्जैन। श्री अष्टविनायक मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 5 मई को एकोरुद्र नीम करोरी सामाजिक कल्याण संस्था की ओर से शीतल पेयजल जल पिलाकर सभी श्रद्धालुओं की सेवा की गई। इस अवसर पर संत श्री उमेश नाथ जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

# श्री वल्लभ वैष्णव के तीन मंडलों का हुआ दायित्व ग्रहण एवं सम्मान समारोह




उज्जैन। श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, श्री वल्लभ वैष्णव महिला मंडल एवं श्री वल्लभ वैष्णव युवा मंडल की नवीन कार्यकारिणी वर्ष 2025-26 के दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन अनन्तश्री विभूषित जगदुरु महाप्रभु श्रीमद्विष्णुस्वामि वल्लभाचार्य महाप्रभु सम्प्रदाय वैष्णवाचार्य मोटा मंदिर गादिपति सोमयाजी षष्ठपीठाधीश्वर गोस्वामी श्री वल्लभरायजी महाराजश्री, सूरत (गुजरात) के सानिध्य में सम्पन्न हुआ।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि तीनों मंडलों के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष को वल्लभ राय महाराज जी ने दायित्व ग्रहण कराया। संस्थापक संयोजक विठ्ठल नागर के नेतृत्व में आयोजित दायित्व ग्रहण समारोह एवं सम्मान समारोह में वर्ष 2025-26 कार्यकारिणी में श्री वल्लभ वैष्णव मंडल अध्यक्ष आनंद पुरोहित, कोषाध्यक्ष मनीष नागर, सचिव जयेश श्रॉफ, श्री वल्लभ वैष्णव युवा मंडल अध्यक्ष अमित नागर, कोषाध्यक्ष नीतिन नीमा, सचिव अमर दिसावल, श्री वल्लभ वैष्णव महिला मंडल अध्यक्ष नुपूर नीमा, कोषाध्यक्ष कामिनी शाह, सचिव मनीषा नागर ने शपथ ली। सम्मान समारोह दायित्व ग्रहण समारोह में आपश्री के वचनामृत महाप्रसादी का आयोजन भी हुआ। समारोह में श्री वल्लभ वैष्णव मंडल के राजेन्द्र शाह, जयेश श्रॉफ, आनंद पुरोहित, श्री वल्लभ वैष्णव युवा मंडल के विशाल नीमा, अमर दिसावल, अमित नागर, श्री वल्लभ वैष्णव महिला मंडल से हेतल शाह, वर्तिका नागर, नूपुर नीमा सहित बड़ी संख्या में वैष्णवजन मौजूद रहे। गत वर्ष पदाधिकारी द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी चार्टर अध्यक्ष रहे राजेंद्र शाह ने दी। विगत दो वर्षों में जिन सदस्यों एवं पदाधिकारी ने तन मन से मंडल का सहयोग एवं नेतृत्व किया उनका सम्मान श्री राजेंद्र शाह द्वारा मोमेंटो देकर एवं उपरना पहना कर किया। आभार हेतल शाह ने माना।

## राजघाट महात्मा गांधी समाधि स्थल से विश्व में शांति का संदेश लेकर अखण्ड ज्योत पहुंची अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम



उज्जैन। अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में भारत के इतिहास में पहली बार नईदिल्ली स्थित राजघाट महात्मा गांधी समाधि स्थल से विश्व में शांति का संदेश लेकर अखण्ड ज्योत को 21000 किलोमीटर की पैदल शांति यात्रा एवं 11 देशों सहित भारत के 23 राज्यों में गांधीजी की शांति यात्रा का अलख जगाने वाले विश्वमित्र योगेश माथुरिया पूना महाराष्ट्र एवं विश्व में सोलर लैम्प पहुंचाने का कार्य कर रहे साथी सचिन माधव धांडे के साथ पहुंचे जहां आश्रम के मुख्य द्वार पर आश्रम संस्थापक सुधीर भाई गोयल, श्रीमती कांता भाभी सहित आश्रम के बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों ने सदुरू बैण्ड के माध्यम से भव्य स्वागत कर पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर महात्मा गांधीजी के चित्र के समक्ष अखण्ड ज्योत को स्थापित कर सूतांजलि अर्पित की। दृष्टिबाधित भोली अग्रवाल ने वैष्णव जन तो तेने कहिए गीत की प्रस्तुति देकर सम्पूर्ण वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया।

सुधीर भाई ने कहा कि हमारे लिए यह गौरव की बात है कि विश्व को शांति का पाठ सिखाने वाले महात्मा गांधी की समाधि स्थल की ज्योत नईदिल्ली से उज्जैन आई और रात्रि विश्राम पश्चात अपने गंतव्य स्थान पूना की ओर जाएगी।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com